# रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत : राजनाथ

**नई दिल्ली, 20 मई.** भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को कई महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ. इनमें डिफेंस साइबर सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी समझौता, भारत के नेशनल डिफेंस कॉलेज और दक्षिण कोरिया की कोरिया नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के बीच सहयोग तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में सहयोग से जुड़े समझौते शामिल हैं.



इन समझौतों को दोनों देशों की साझेदारी को अधिक व्यापक, बहुआयामी और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है. ये समझौते दक्षिण कोरिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुए. राजनाथ ने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किये. बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई. हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी. रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी के और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने की अपेक्षा है. सिंह ने कोरिया में वीर सैनिकों के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि भी अर्पित की. उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अपने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया. उनका साहस, समर्पण और देशभक्ति की भावना सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी. भारत, कोरिया गणराज्य के वीरों की विरासत का सम्मान करने में उसके साथ एकजुटता से खड़ा है.

> दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वहां के रक्षा मंत्री आन ग्यू-बैक और डिफेंस एक्विजिशन प्रोग्राम एडमिनिस्ट्रेशन के मंत्री ली योंग-चेओल से महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं. भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा, रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई. दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आन ग्यू-बैक के साथ वार्ता के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को गहरा करने के लिए सार्थक चर्चा हुई.

## पाकिस्तान वायुसेना का ट्रेनिंग विमान क्रैश

**मियांवाली, पाकिस्तान, 20 मई.** पाकिस्तान वायुसेना का एक ट्रेनिंग विमान, हॉगडू के-8, मियांवाली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे के दौरान विमान में सवार दोनों पायलटों ने इजेक्ट कर पैराशूट के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. शुरुआती जानकारी के अनुसार, दोनों पायलट अनुभवी हैं और उनकी त्वरित प्रतिक्रिया के कारण दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. पाकिस्तान वायुसेना ने विमान हादसे की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन कर दिया है. जांच में तकनीकी खराबी, विमान के रखरखाव और मानवीय त्रुटि समेत सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है.हादसे की वीडियो फुटेज और तस्वीरों में देखा गया कि दोनों पायलट समय रहते इजेक्ट कर सुरक्षित स्थान पर उतर गए. दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है और जमीन पर किसी संभावित हताहत या क्षति की जानकारी पाकिस्तान वायुसेना द्वारा साझा नहीं की.

## खांडू ने शाह के साथ अरुणाचल प्रदेश की परियोजनाओं पर की चर्चा



**नयी दिल्ली 20 मई. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अरुणाचल प्रदेश में चल रही राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की.**

इस बैठक के दौरान खांडू और शाह ने राज्य में चल रही विकास पहलों और बुनियादी ढांचे तथा रणनीतिक परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की. इस दौरान खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के विकास और प्रगति के प्रति निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शाह और केंद्र सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया.

उन्होंने कहा कि केंद्र की लगातार सहायता ने इस सीमावर्ती राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने तथा कनेक्टिविटी और विकास को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

## भारत-स्वीडन साझेदारी से स्थिरता और विकास के नए युग का आरंभ

**नईदिल्ली, 20 मई.** पीएम नरेंद्र मोदी और स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन ने 17 मई को गोटेनबर्ग में हुई बैठक में औद्योगिक परिवर्तन, साफ ऊर्जा और तकनीकी सहयोग पर चर्चा की. भारत की महत्वाकांक्षाएँ स्पष्ट हैं—2047 तक विकसित देश का दर्जा और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन. स्वीडन के 98 प्रतिशत जीवाश्म मुक्त बिजली ग्रिड और क्लाइमेट एक्शन नेतृत्व ने इस साझेदारी को और मजबूत बनाया है. लीडआईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोनों देशों ने यह दिखाया कि विकसित और विकासशील देश साझा जिम्मेदारी और नवाचार के जरिए समाधान निकाल सकते हैं. दोनों देशों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का समाधान केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग से संभव है. प्रत्येक देश अपनी विकासात्मक परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के अनुसार तकनीक अपनाने का अवसर पाएं.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी कार में मुस्कुराते हुए. इस दौरान दोनों के मध्य भारत-इटली संबंधों की नई ऊंचाई पर भारत और इटली के बीच मित्रता और सहयोग का प्रतीकात्मक और सकारात्मक रूप से अनौपचारिक मुलाकात हुई.

# जल्द खत्म होगा युद्ध, समझौते के लिए ईरान बेताब : डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन, 20 मई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हाल ही में अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद ईरान 'समझौता करने के लिए बहुत बेताब है.

उन्होंने दावा किया कि तेहरान की सैन्य क्षमता काफी हद तक खत्म कर दी गई है. साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी. ट्रंप व्हाइट हाउस के सालाना कांग्रेसनल पिकनिक में बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने राजनीतिक रैली जैसी शैली में अर्थव्यवस्था, विदेश नीति और अपनी सरकार के एजेंडे पर भी बात की और बार-बार ईरान और मध्य पूर्व में तनाव का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि हम इस युद्ध को बहुत जल्दी खत्म कर देंगे. वे समझौता करना चाहते हैं. वे इससे थक चुके हैं. राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने कार्रवाई इसलिए की क्योंकि 'उनके दिमाग में परमाणु हथियार हैं.

---

**आवासीय कॉलोनी "ट्रेजर पार्क" ग्राम पंचडेरिया तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र.**
**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) एवं निम्न आय वर्ग (एल.आय.जी.) हेतू आरक्षित भूखंडों के आवंटन के संबंध में सूचना।**

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अंतर्गत म.प्र. ग्राम पंचायत नियम 2014 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24.12.2014 के नियम 15 के प्रावधानों के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम पंचडेरिया, तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र. के खसरा नंबर 4/1, 4/2, 5/1, 5/2, 10/2/1, 10/2/2 एवं 10/2/3 कुल रकबा 6.005 हेक्टेयर भूमि पर "ट्रेजर पार्क" (विकास अनुमति अनुज्ञा क्रं. 136/2025 इन्दौर, दिनांक 02.05:2025, रेरा रजिस्ट्रेशन नं. P-OTH-25-5950) में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतू आरक्षित 27 भूखंड एवं निम्न आय वर्ग हेतू आरक्षित 13 भूखंडो / आवासीय इकाइयों के आवंटन / विक्रय हेतू पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता की शर्तें— (1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण-पत्र), (2) आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की इकाई की पात्रता हेतू कमजोर वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण-पत्र), (3) आवेदक/ आवेदक के पारिवार का कोई भवन मध्यप्रदेश में नहीं है। इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। (4) इकाईयों का आवंटन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। (5) भूखंड के पंजीयन हेतू निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रपत्र एवं शर्त रूपये 100/- नगद जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। (6) कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार कलेक्टर महोदय इन्दौर को होगा।

**आवेदन जमा करने का स्थान- फेंटेसी रियल स्टेट्स प्रायवेट लिमिटेड**
**पता- ट्रेजर पार्क, ग्राम पंचडेरिया, तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र**

---

**आवासीय कॉलोनी "ट्रेजर सिटी फेज़ 1" ग्राम सुलाखेड़ी, तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र.**
**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) एवं निम्न आय वर्ग (एल.आय.जी.) हेतू आरक्षित भूखंडों के आवंटन के संबंध में सूचना।**

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अंतर्गत म.प्र. ग्राम पंचायत नियम 2014 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24.12.2014 के नियम 15 के प्रावधानों के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम सुलाखेड़ी, तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र. के खसरा नंबर 58/1/1, 76/2/1, 77/2/2, 81/2, 51/2, 51/3/1, 51/3/2, 58/1/2, 58/2 पैकी, 74/1/2, 76/2/2, 77/2/1, 80/2, 81/1/2, 81/4/2, 78, 75/3, 77/1, 79/1, 80/1, 80/3, 81/3, 81/4/1, 58/3 पैकी, 59 पैकी एवं 71/3 पैकी कुल रकबा 6.226 हेक्टेयर में से रकबा 4.977 हेक्टेयर भूमि पर "ट्रेजर सिटी फेस-1" (विकास अनुमति अनुज्ञा क्रं. 105/2022 इन्दौर, दिनांक 01.06.2022, रेरा रजिस्ट्रेशन नं. P-SWR-22-3650) में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतू आरक्षित 22 भूखंड एवं निम्न आय वर्ग हेतू आरक्षित 15- भूखंडो/आवासीय इकाइयों के आवंटन / विक्रय हेतू पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता की शर्तें— (1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण-पत्र), (2) आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की इकाई की पात्रता हेतू कमजोर वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण-पत्र), (3) आवेदक/ आवेदक के पारिवार का कोई भवन मध्यप्रदेश में नहीं है। इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। (4) इकाईयों का आवंटन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। (5) भूखंड के पंजीयन हेतू निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रपत्र एवं शर्त रूपये 100/- नगद जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। (6) कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार कलेक्टर महोदय इन्दौर को होगा।

**आवेदन जमा करने का स्थान- ट्रिपल ए रियल स्टेट पता- ट्रेजर सिटी फेज़-1 ग्राम सुलाखेड़ी, तहसील सांवेर व जिला इन्दौर म.प्र**

---

**NAME CHANGE**

I **ZOEB ALI S/O YUSUF ALI** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO **ZOEB MASALAWALA S/O YUSUF ALI** HENCEFORTH; I SHALL BE KNOWN AS **ZOEB MASALAWALA S/O YUSUF ALI** FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS -
20,BOHRA SABIL MANDSAUR
MADHYA PRADESH- 458002

---

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **Siddharth Sharma, Proprietor - Equi Pulse,** अपना सेबी पंजीकरण प्रमाणपत्र रिसर्च एनालिस्ट के रूप में, पंजीकरण संख्या **INH000024046** तथा बीएसई आरए एनलिस्टमेंट संख्या **6866**, समर्पित (Surrender) करने जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर स्कोर्स (SCORES) पोर्टल scores.sebi.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है।

दिनांक: 21/05/2026

---

**HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लि.**

**पंजीकृत कार्यालय,** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एचडीएफसी बैंक लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणी(यों) **1. अनिल कुमार चौहान पिता भंवरलाल चौहान** (प्राथमिक आवेदक) **2. डिम्पल चौहान पति अनिल चौहान** (सह-आवेदक) ऋण खाता नंबर **50200099410400, 50200099442681, 50200099447717, 50200099455640** में, **दोनों का पताः** गार्लिक फैक्टरी के सामने, संजीत रोड, जग्गाखेड़ी मंदसौर तहसील मंदसौर जिला मंदसौर 458002, को मंगनी करते हुए मांग सूचना पत्र दिनांक **26.02.2026** उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति दिनांक से **60 दिनों** के भीतर **रूपये 60,48,059/- (रूपये साठ लाख अडतालीस हजार उनसाठ मात्र)** सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी(यों) के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी(यों) और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 एवं 9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य दिनांक **15 मई 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार **रूपये 60,48,059/- (रूपये साठ लाख अडतालीस हजार उनसाठ मात्र)** एवं उस पर ब्याज, व्यय एवं खर्चो सहित राशि के लिए एचडीएफसी बैंक लि. के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**
**संपत्ति की अनुसूची**

| मालिक का नाम | संपत्ति क्रमांक | प्रकार/ प्रकृति | संपत्ति का पता | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| डिम्पल चौहान पति अनिल चौहान | 2512/ MIN-2/1/1 | व्यवसायिक | सर्वे नं. 2512, मिन-2/1/1, 0.025 हेक्टर में से रकबा 0.010 रकबा या 1076 वर्गफीट, ग्राम साबाखेड़ा, शिवम रेस्टोरेंट के पास जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: अनिल कुमार चौहान का मकान, उत्तर: भूमि सर्वे नं. 2512, दक्षिण: रोड | रकबा 0.025 रकबा 0.010 रकबा या 1076 वर्गफीट |

**संपत्ति का विवरण:-** सभी संपत्ति पंजीकृत के समक्ष उपपंजीयन कार्यालय मन्दसौर, जिला मन्दसौर, मध्यप्रदेश

**दिनांक : 21.05.2026** | **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : साबाखेडा, जिला मन्दसौर, म.प्र.** | **एचडीएफसी बैंक लि.**

---

**संशोधन सूचना**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, पहली मंजिल, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई - 400098.
CIN - U67100MH2007PLC174759

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **13.05.2026** को इसी समाचार पत्र में **ई-नीलामी बिक्री सूचना** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में ऋणी **श्री सुर्यप्रताप सिंह भदोरिया (9001060714890624)** का **नीलामी समय** दोपहर 11.00 बजे के स्थान पर **सुबह 11.00 बजे** पढ़ा जावे। शेष विवरण यथावत रहेगा।

**दिनांक : 21.05.2026** | प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : मुम्बई** | वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

Edelweiss Asset Reconstruction

---

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)**

**क्र./2003** **क्रमांक INDLP17122530608/ दिनांक /19/MAY/2026 दिनांक 19/MAY/2026**

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Skye Earth Developers PrivateLimited)- M/S Skye Earth Developments Tarfe Partner Shri Sagar Chawla S/O Shri Govind Chawla 2. Rajendra Singh S/O Roop Singh 3. Kailash Singh S/O Roop Singh 4. Shiv Singh S/O Roop Singh द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया

(क) परियोजना का नामः- SKYE MAYFAIR 1

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Maya khedi तहसील Kanadiya व जिला Indore की भूमि सर्वे क्रमांक/ खसरा क्रमांक 190/2, 191/1 कुल रकबा 3.1361 हेक्टेयर भूमि पर Residential, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजनः-Residential, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक INDLP11032409898 दिनांक 2024-05-17

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=c317WKk0yE2003 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

---

**DHRUV AGRITECHNOLOGIES PVT. LTD.**
10, SDA Compound, Lasudiya Mori, Dewas Naka, Indore (M.P.)

In pursuance to the Order No. 2900(E) Dated 24th October, 2015 issued by Department of Agriculture and Co-operation, Ministry of Agriculture Govt. of India, **Dhruv Agritechnologies Pvt. Ltd.** hereby notifies that it intends to Introduce 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer like -

1) N.P.K. (25-25-25) (NEOFERT 25-25-25)
2) N.P.K. (27+00+27) (NEOFERT 27+00+27)
3) N.P.K. (28+00+10) (NEOFERT 28+00+10)
4) N.P.K. (14+48+00) (NEOFERT 14+48+00)
5) N.P.K. (16+20+00) (NEOFERT 16+20+00)
6) N.P.K. (13+40+13) (NEOFERT 13+40+13)
7) N.P.K. (05+55+17) (NEOFERT 05+55+17)
8) N.P.K. (05+10+43) (NEOFERT 05+10+43)
9) N.P.K. (00-50-40)+Fe1%+Zn1% (NEOFERT (00-50-40)+Fe1%+Zn1%)
10) N.P.K. (11-09-16)+mgo-2.5%+cao-13.50%+s2.5) (NEOFERT (11-09-16)+mgo-2.5%+cao-13.50%+s2.5)
11) N.P.K. (00+55+17) (NEOFERT 00+55+17)
12) N.P.K. (11+45+06) (NEOFERT 11+45+06)
13) N.P.K. (00-40-44) (NEOFERT 00-40-44)
14) N.P.K. (25+00+15)+caO3%+Mgo1.5% (NEOFERT 25+00+15)+caO3%+Mgo1.5%
15) N.P.K. (00-11-42)+s10%+CaO2% (NEOFERT 00-11-42)+s10%+CaO2%
16) N.P.K. (10-54-10) (NEOFERT 10-54-10)
17) N.P.K. (21-10-10) (NEOFERT 21-10-10)
18) N.P.K. (13-32-17) (NEOFERT 13-32-17)
19) N.P.K. (06-12-36) (NEOFERT 06-12-36)
20) N.P.K. (00-00-55) (NEOFERT 00-00-55)
21) N.P.K. (00-40-40)+zn6% (NEOFERT 00-40-40)+zn6%
22) N.P.K. (00-42-47)+Fe2.8% (NEOFERT 00-42-47)+Fe2.8%
23) N.P.K. (09+27+18) (NEOFERT 09+27+18)
24) N.P.K. (12-06-22)+Cao12% (NEOFERT (12-06-22)+Cao12%)
25) N.P.K. (14+28+14) (NEOFERT 14+28+14)
26) N.P.K. (14+35+14) (NEOFERT 14+35+14)
27) N.P.K. (16+08+32) (NEOFERT 16+08+32)
28) N.P.K. (16-08-25) (NEOFERT 16-08-25)
29) N.P.K. (17+44+00) (NEOFERT 17+44+00)
30) N.P.K. (30+10+00) (NEOFERT 30+10+00)
31) N.P.K. (32+12+12) (NEOFERT 32+12+12)
32) N.P.K. (0-09+46)+Zn2% (NEOFERT 0-09+46)+Zn2%
33) N.P.K. (00+42+47) (NEOFERT 00+42+47)
34) N.P.K. (00-09-47) (NEOFERT 00-09-47)
35) N.P.K. (00-33-65) (NEOFERT 00-33-65)
36) N.P.K. (00-33-65) (NEOFERT 00-33-65)
37) N.P.K. (00-39-43)+Fe2.5% (NEOFERT 00-39-43)+Fe2.5%
38) N.P.K. (00-42-42)+Zn3% (NEOFERT 00-42-42)+Zn3%
39) N.P.K. (00-42-47)+Zn2.5% (NEOFERT 00-42-47)+Zn2.5%
40) N.P.K. (10-09-16) (NEOFERT 10-09-16)
41) N.P.K. (22+22+11) (NEOFERT 22+22+11)
42) N.P.K. (00+58+18) (NEOFERT 00+58+18)
43) N.P.K. (14+35+14)+Zn1% (NEOFERT 14+35+14)+ Zn1%
44) N.P.K. (25+25+25) (NEOFERT 25+25+25)
45) N.P.K. (28+28+00) (NEOFERT 28+28+00)
46) N.P.K. (12-36-12)+MgO3% (NEOFERT 12-36-12)+MgO3%
47) N.P.K. (10+30+30) (NEOFERT 10+30+30)
48) N.P.K. (10-00-35)+MgO 8% (NEOFERT 10-00-35)+MgO8%
49) N.P.K. (00+60+20) (NEOFERT 00+60+20)
50) N.P.K. (0-09-46)+S12%MgO2.5% (NEOFERT 0-09-46)+S12%MgO2.5%
51) N.P.K. (07+40+28) (NEOFERT 07+40+28)
52) N.P.K. (10.6-09.30+16.30)+Mgo-2.9%o+CaO-13.20%+S-2.3 (NEOFERT (10.6-09.30+16.30)+Mgo-2.9%o+CaO-13.20%+S-2.3)
53) N.P.K. (00+45+45) (NEOFERT 00+45+45)
54) N.P.K. (00+48+47) (NEOFERT 00+48+47)
55) N.P.K. (00+40+37) (NEOFERT 00+40+37)
56) N.P.K. (00+35+45)+ZnO1%+CaO1%+B-0.5 (NEOFERT (00+35+45)+ZnO1%+CaO1%+B-0.5)
57) N.P.K. (19+19+19) (NEOFERT 19+19+19)

We will comply with terms and condition as per the above notification of Govt. of India.

**Mobile: 96734-43315**

---

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
**रतलाम शाखा:** ग्राउंड फ्लोर, 19, पैलेस रोड, चिंतामन गणेश मंदिर के सामने, रतलाम - 457001 (मध्य प्रदेश)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 02200000152/ रतलाम शाखा) दीपा जयकुमार (ऋणी) जय कुमार प्रेमी (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, पटवारी हल्का नं.07, प्लॉट नं.138, 139 का भाग, गोकुल धाम कॉलोनी, धनेरिया रोड, नीमच, मध्य प्रदेश, 458441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नं.88, 89 का भाग, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लॉट नं. 138 का भाग, दक्षिण - प्लॉट नं. 139 का भाग | 13-10-2025 & ₹ 4,84,206/- | 19-05-2026 |

**स्थान : मध्य प्रदेश** | **प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 21.05.2026** | **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 20/सिविल/26-27/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-15 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 15.05.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR Date - 08-11-2025 /NON SOR/ BUILDING SOR DATE - 02-08-2021 पर आधारित) ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_507714_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत सेन्ट अर्नाल्ड स्कूल से चांदनी चौक गवली मोहल्ला बड़ी ग्वालटोली तक स्ट्रॉम वॉटर लाईन डालना। (पंचम आमंत्रण) | 120 दिवस ₹19,37,495/- | ₹2,000/- ₹14,600/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 02 | 2026_UAD_507715_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत म.न. 326 ई.एस/3 पानी की टंकी के सामने से म.न. 366 ई.एस/3 तक एवं 325 ई.एस/3 से 342 ई.एस/3 तक रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹21,30,124/- | ₹5,000/- ₹16,000/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 03 | 2026_UAD_507716_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 के अन्तर्गत भागीरथपुरा में भट्टा रोड़ कैथवास वाली गली एवं समीप गलियों का चौड़ीकरण कर सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। (पंचम आमंत्रण) | 180 दिवस ₹37,76,730/- | ₹5,000/- ₹28,400/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 04 | 2026_UAD_507717_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत सुखलिया गॉव में सार्व. शौचालय के सामने की गलिया, देवश्री कॉलोनी में राधेश्याम जी के घर के पास आवश्यकतानुसार कच्ची गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹37,27,231/- | ₹5,000/- ₹28,000/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 05 | 2026_UAD_507718_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अन्तर्गत प्रिंस नगर, अंजली नगर, रोशन बाग, पुष्प नगर, न्यू प्रिंस नगर एवं कमला केसर नगर में बेकलाईन से कचरा, मलबा, गाद एवं गंदगी की सफाई कर सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹21,16,983/- | ₹5,000/- ₹15,900/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 06 | 2026_UAD_507719_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत गांधी पैलेस में नामदेव मंदिर से व्यास नगर (डी.पी) तक रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 180 दिवस ₹39,05,100/- | ₹5,000/- ₹29,300/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 07 | 2026_UAD_507721_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत आदर्श बिजासन नगर में पहुंच मार्ग एवं गलियों की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹42,73,679/- | ₹5,000/- ₹32,100/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 08 | 2026_UAD_507722_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अन्तर्गत तिलक नगर एक्सटेंशन बगीचे के आस पास रोड़ का लेवल ऊपर नीचे खराब होने एवं जल जमाव की स्थिति होने से सड़क के लेवल को मेंटेन करने एवं श्रीमति रेणु पंत से योग केन्द्र तक सड़क का निर्माण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹44,94,466/- | ₹5,000/- ₹33,800/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 09 | 2026_UAD_507723_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत पंचरत्न अपार्टमेंन्ट मनोरमागंज से शेख हातिम गार्डन मनोरमागंज तक क्षतिग्रस्त रोड़ के स्थान पर नवीन सड़क का निर्माण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹22,58,936/- | ₹5,000/- ₹17,000/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 10 | 2026_UAD_507724_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत बलाई मोहल्ला के पीछे एवं विभिन्न गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹52,08,396/- | ₹10,000/- ₹39,100/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 11 | 2026_UAD_507726_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अन्तर्गत रामदास की चाल में रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹2,98,980/- | ₹2,000/- ₹3,000/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 12 | 2026_UAD_507727_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत विजय नगर एक्सटेंशन में आवश्यक रोड़ का लेवल मेंटेन करते हुए सिमेन्टीकरण करना। (पंचम आमंत्रण) | 240 दिवस ₹57,09,164/- | ₹10,000/- ₹42,900/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 13 | 2026_UAD_507728_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के अन्तर्गत राहुल गांधी नगर में हनुमान मंदिर से मर्फी प्रतिक्षा ढाबा तक एवं सॉवरिया किराना पिपल्यापाला से राहुल गांधी नगर मेन रोड़ (टेंकर वाली गली) के रोड़ का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹94,02,562/- | ₹10,000/- ₹70,600/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 14 | 2026_UAD_507730_1 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 के अन्तर्गत महापौर निधि से राम मंदिर सुभाष चौक पानी की टंकी पार्किंग से इमली बाजार चौराहा तक की सड़क एवं बेकलेन (माणक चौक इमली बाजार से बोहरा मस्जिद तक) सीमेन्ट कांक्रीट कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,58,99,008/- | ₹12,500/- ₹79,500/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |
| 15 | 2026_UAD_507731_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत मुख्य मार्ग खातीपुरा से रोहित चौधरी के घर के सामने से पूर्व पार्षद श्री महेन्द्र चौधरी के घर के आगे तक की सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (पंचम आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,80,27,463/- | ₹12,500/- ₹90,200/- | 01-06-2026 6.00 PM 03-06-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**जनकार्य विभाग**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**